
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक ख़बर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-174 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शनिवार 06 जून 2026 | youngbharatE-paper.com

## विधानसभा चुनाव की तारीखों को लेकर बड़ा दावा! 2027 का इंतजार नहीं

### इसी साल हो सकता है चुनावी महासंग्राम, जानिए क्यों

( प्रधान सम्पादक )
( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति में इस वक्त एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने पूरे सियासी गलियारों में खलबली मचा दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अपने तय समय से पहले, यानी साल 2027 की जगह इसी साल 2026 के नवंबर-दिसंबर महीने में ही कराए जा सकते हैं।



इस सुगबुगाहट के पीछे एक बहुत बड़ा प्रशासनिक पेंच फंस गया है। दरअसल, राष्ट्रीय जनगणना विभाग ने चुनाव आयोग को साफ कर दिया है कि अगले साल फरवरी और मार्च के महीने में देशभर में जनगणना का काम युद्धस्तर पर किया जाना है, जिसे केंद्रीय कैबिनेट से भी हरी झंडी मिल चुकी है। चूंकि जनगणना देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है और इसमें लाखों सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है, इसलिए जनगणना विभाग ने चुनाव आयोग को पहले ही सचेत कर दिया है कि फरवरी-मार्च के दौरान उनकी पूरी मशीनरी इसी काम में व्यस्त रहेगी। इस स्थिति में चुनाव कराना नामुमकिन जैसा होगा। अब सवाल उठता है कि क्या चुनाव तय समय से पहले कराए जा सकते हैं? चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक, किसी भी राज्य की विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने के 6 महीने पहले किसी भी समय चुनाव कराए जा सकते हैं। इसके लिए चुनाव आयोग को संसद से किसी भी तरह की विशेष मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होती है। यही वजह है कि फरवरी-मार्च के टकराव से बचने के लिए चुनावों को नवंबर-दिसंबर में ही कराने की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 14 मई 2027 को समाप्त हो रहा है। संविधान के नियमों के अनुसार, इस तारीख से पहले हर हाल में चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर नई सरकार का गठन हो जाना चाहिए। पहले राजनीतिक पंडित यह मानकर चल रहे थे कि फरवरी-मार्च 2027 में वोट डाले जाएंगे, लेकिन अब जनगणना के इस नए पेंच ने पूरा समीकरण ही बदल दिया है। इसी वजह से अब साल 2026 के आखिरी महीनों में ही चुनावी बिगुल फूंकने की तैयारी चल रही है। अगर चुनाव आयोग समय से पहले चुनाव कराने के चक्कर में जनवरी का महीना चुनता है, तो उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा एक बहुत बड़ी मुसीबत बन सकता है। विजिबिलिटी कम होने के कारण नेताओं के हेलीकॉप्टरों की लैंडिंग और टेक-ऑफ में भारी दिक्कत आती है, जिससे चुनावी रैलियां और प्रचार बुरी तरह प्रभावित होता है। इसके ठीक उलट, नवंबर और दिसंबर का मौसम चुनाव प्रचार करने और जनता के बाहर निकलकर वोट डालने के लिए सबसे बेहतरीन माना जाता है। मौसम के इस मिजाज को देखते हुए भी इसी साल के अंत में चुनाव कराने की संभावना सबसे ज्यादा नजर आ रही है। भले ही केंद्र सरकार या चुनाव आयोग ने अभी तक इस पर कोई भी ऑफिशियल बयान जारी नहीं किया है, लेकिन अंदरखाने राजनीतिक दलों ने अपनी गियर बदल दिए हैं। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने तो अपनी हालिया बैठकों में नेताओं और कार्यकर्ताओं को सीधे तौर पर हिदायत दे दी है कि सरकार कभी भी समय से पहले चुनाव का एलान कर सकती है, इसलिए अभी से जमीन पर उतरकर तैयारी मजबूत रखें। सपा का दावा है कि सूबे की जनता इस बार पूरी तरह से बदलाव के मूड में है। वहीं दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर भी वक्त से पहले चुनाव होने की स्थिति को लेकर गहन मंथन और रणनीतियां बनाई जा रही हैं। भाजपा को लगता है कि हालिया चुनावों से जो सकारात्मक माहौल बना है, उसका सीधा फायदा उन्हें यूपी और उत्तराखंड में मिल सकता है। सपा की सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने भी इस सुगबुगाहट के बीच संभावित उम्मीदवारों की खोजबीन तेज कर दी है और अलग-अलग मंडलों में बैठकें शुरू कर दी हैं। उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती भी शांत बैठने के मूड में नहीं हैं; वह लगातार संगठन की समीक्षा बैठकें कर रही हैं और प्रत्याशियों के चयन में जुट गई हैं। जानकारों का कहना है कि अगर उत्तर प्रदेश में चुनाव समय से पहले होते हैं, तो यह केवल यूपी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन सभी पांच राज्यों में एक साथ चुनाव कराने पड़ेंगे जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव होने तय हैं।

## उत्तर प्रदेश में हर साल 30 से 40 एसिड अटैक की घटनाएं?

### पीड़ितों का होगा इलाज, मिलेगा रोजगार!

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में एसिड अटैक से पीड़ितों के लिए अखिलेश यादव ने कई अहम फैसले लिए थे. जिसके चलते लखनऊ में एसिड अटैक से पीड़ितों के लिए रोजगार मुहैया कराने वाली के एनजीओ के चाय-काफी रेस्टोरेन्ट के लिए जगह दी थी.इसके अलावा उन्होंने एसिड अटैक पीड़ितों को सरकारी विभागों में भी नौकरी देने के निर्देश दिए.



अखिलेश सरकार में उठाए गए इन फैसलों को अब अधिक प्रभावी बनाने के लिए योगी सरकार ने प्रदेश में एसिड अटैक पीड़ितों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ अनिवार्य रूप से दिए जाने का आदेश दिया है. इस संबंध में सूबे के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं. इन निर्देशों में कहा गया है कि हर एसिड अटैक पीड़ित के बेहतर इलाज का प्रबंध करने के साथ ही उनके पुनर्वास और रोजगार की व्यवस्था की जाए. एसिड अटैक पीड़ितों के प्रति प्रदेश सरकार की यह चिंता स्वत: नहीं हुई. इसके पीछे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का भी प्रभाव है. बताया जा रहा कि कुछ समय पूर्व सुप्रीम कोर्ट में देश में एसिड अटैक पीड़ितों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की समीक्षा में यह पाया गया था कि कई राज्यों में उनके निर्देशों को लेकर सुस्ती बरती गई. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुस्ती बरतने वाले सभी राज्यों को इस मामले को गंभीरता से लेने को कहा. जिसके बाद से ही सूबे में एसिड अटैक पीड़ितों के इलाज, पुनर्वास और रोजगार को लेकर उच्चाधिकारियों की बैठक हुई. यह बैठक इस लिए भी जरूरी थी क्योंकि देश में हर साल सबसे अधिक 30 से 40 एसिड अटैक के मामले उत्तर प्रदेश में हो रहे थे.बीते कुछ वर्षों में एसिड अटैक पीड़ितों को सूबे के किसी विभाग में कोई नौकरी नहीं दी गई. जबकि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगों के लिए सरकारी नौकरियों में चार फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की है. जिसके चलते ही अब यह कहा गया है कि दिव्यांगों को सरकारी नौकरियों में चार फीसदी आरक्षण की जो व्यवस्था है, इसमें से ही एसिड अटैक पीड़ितों के लिए पदों को चिह्नित करते हुए आरक्षण का लाभ दिया जाए. अखिलेश यादव के समय में एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को इसी व्यवस्था के तहत कुछ विभागों में नौकरी भी दी गई थी. इसके अलावा तब लखनऊ और सूबे के दो अन्य शहरों में शीरोज हैंग आउट खोले के लिए जगह दी गई. लोगों को चाय-काफी आदि उपलब्ध कराने वाले सिरोज हैंग आउट के स्टाफ में एसिड अटैक पीड़ित महिला और पुरुष ही मुख्य ज़िम्मेदारी निभाते हैं. लखनऊ शहर के लोग बड़ी संख्या में सिरोज हैंग आउट में चाय-काफी पीने के लिए रोज पहुँचते हैं. अब योगी सरकार ने एसिड अटैक पीड़ित महिला और पुरुषों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के सभी विभागों को पद चिह्नित करने का निर्देश दे दिया गया है.इसके अलावा शीरोज हैंग आउट जैसे चाय-कॉफी के अन्य कैफे आदि में एसिड अटैक पीड़ित महिला और पुरुषों को रोजगार मुहैया कराने को लेकर भी पहल करने के निर्देश दिए गए है. बीते दिनों उच्च स्तर पर हुई बैठक में लिए गए इस फैसले के बाद अब इस संबंध में अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण लीना जौहरी द्वारा सभी विभागों को पत्र भेजकर पद चिन्हित करने को कहा है. इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि यूपी के जिन छह मेडिकल कालेजों में बर्न यूनिट है, वहां की बर्न यूनिट में एसिड अटैक पीड़ितों की मदद के लिए विशेष इंतजाम किए जाएं, जिससे उन्हें तुरंत उपचार मिल सके. इसके अलावा राज्य में एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं को समुचित क्षतिपूर्ति देने तथा उनके पुनर्वास के संबंध में भी कोर्ट के निर्देशानुसार कार्रवाई करने को कहा गया.यह भी कहा गया है कि 40% से अधिक दिव्यांगता वालों को यूनिक डिसेबिलिटी आईडी योजना का लाभ दिया जाए.

## सुर्खियां.............

### पुलिस ने की तीन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अराजक तत्वों में हड़कंप मचा है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि गांधी नगर निवासी निष्कर्ष कुशवाहा उर्फ बॉबी, तिलक नगर निवासी राहुल यादव उर्फ बंटा और शिवा यादव के खिलाफ गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

### बेटे ने पिता के साथ गाली, गलौज करते हुए अभद्रता की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । पारिवारिक विवाद को लेकर बेटे ने पिता के साथ गाली, गलौज करते हुए अभद्रता कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी किशोरीलाल ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुरेशचंद्र अक्सर पारिवारिक कारणों को लेकर विवाद करता रहता है।

### टंकी बनने और पाइपलाइन डलने को हो गए दो वर्ष, पानी की सप्लाई अभी तक नही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए नमामि गंगे परियोजना के तहत गांव में पाइपलाइन डाल कर टंकी का निर्माण कराया गया है। टंकी व पाइपलाइन डले हुए दो वर्ष बीत गए हैं लेकिन लीकेज व पानी के प्रेशर का संतुलन न होने के कारण पानी की बर्बादी हो रही है और ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के मौसम में पानी न मिलने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं।

## यूपी चुनाव से पहले सपा में क्यों हो रहे इस्तीफे, क्या खौफ?

### आई-पैक की भी हुई छुट्टी; E& IAS की निगरानी में नई टीम

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में अगले साल यानी 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिए वहां सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजनीतिक दलों की समीक्षा बैठकें जोर पकड़ने लगी हैं।



जहां सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर पर चुनावी रणनीति बनाने में जुट गई है, वहीं विपक्षी समाजवादी पार्टी ने भी मिशन क्लीन-अप शुरू किया है। इसके तहत पार्टी ने सबसे पहले तो चुनावी रणनीति के लिए मशहूर संस्था 'आई-पैक' से किनारा कर लिया है और उसकी जगह एक नई पेशेवर टीम को 'क्लीन-अप' अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। दरअसल, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों की पहचान करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके तहत उन्होंने रिटायर्ड ह्रस अधिकारी आलोक रंजन की अगुवाई में एक निगरानी टीम बनाई है, जो कुछ एजेंसियों से सर्वे करवा रही है और उम्मीदवारों को लेकर विधानसभावार फीडबैक ले रहे हैं। अखिलेश यादव खुद भी उन सर्वे और फीडबैक तंत्रों की निगरानी कर रहे हैं। इस कवायद का मकसद राज्य की सभी 403 विधानसभा सीटों पर जिताऊ उम्मीदावरों का चयन करना है। इसी कड़ी में अखिलेश यादव ने एक बड़ा और कड़ा फैसला लिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जो भी पार्टी पदाधिकारी या नेता आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता है, उसे टिकट मांगने से पहले अपने संगठनात्मक पद से इस्तीफा देना होगा। लखनऊ में आयोजित 75 जिलों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने साफ कहा, 'यदि कोई जिला अध्यक्ष चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे पहले इस्तीफा देना होगा; कोई भी जिला अध्यक्ष खुद को उम्मीदवार घोषित न करे।' माना जा रहा है कि अखिलेश के इस निर्देश का उद्देश्य पार्टी के भीतर गुटबाजी को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि चुनावी महत्वाकांक्षाओं के कारण संगठन का काम प्रभावित न हो। पार्टी के इस नए चुनावी ढांचे की कमान उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव और सेवानिवृत्त ह्रस अधिकारी आलोक रंजन संभाल रहे हैं। इसके लिए लखनऊ के गोमती नगर में एक समर्पित कार्यालय बनाया गया है, जहाँ लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर, शोधकर्ता और सहायक कर्मचारी निर्वाचन क्षेत्रवार मूल्यांकन पर काम कर रहे हैं। यह टीम उम्मीदवारों का चयन सिफारिशों के बजाय डेटा और जमीनी फीडबैक के आधार पर कर रही है। अखिलेश यादव जिस रणनीति पर चल रहे हैं, उससे साफ है कि 2027 मके चुनाव में टिकट वितरण में अब पैरवी और सिफारिशों की जगह सर्वेक्षण और फीडबैक को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए पार्टी ने उम्मीदवारों के मूल्यांकन के लिए कई कड़े मानक तय किए हैं, जिनमें जीत की संभावना और स्थानीय जनता में स्वीकार्यता सबसे अहम बिन्दु हैं। इसके अलावा स्थानीय जातीय समीकरणों के साथ तालमेल और उम्मीदवार की प्रतिष्ठा, उसका आपराधिक रिकॉर्ड और पड़ोसी विधानसभा क्षेत्रों में उस चेहरे का प्रभाव भी बड़ा कारक तय किया गया है। सपा सूत्रों के अनुसार, सर्वे टीम कांग्रेस के साथ संभावित गठबंधन को लेकर भी सुझाव देगी। 2022 के चुनावों में करीब 71 सीटों पर सपा का प्रदर्शन कमजोर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, एक रिपोर्ट में सलाह दी गई है कि अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहता है, तो सपा को कांग्रेस की हिस्सेदारी को 70-75 सीटों तक ही सीमित रखना चाहिए, जबकि कांग्रेस 100 से अधिक सीटों की मांग कर सकती है। हालांकि, मुस्लिम बहुल सीटों पर सीटों के बंटवारे को लेकर पेच फंस सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस सहारनपुर जैसी सीटों पर अपना दावा ज़ोर-शोर से पेश करेगी, जहां उसने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी और अमरोहा पर भी, जहां उसका उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहा था। सपा ने नया दृष्टिकोण 2022 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों में टिकट वितरण को लेकर हुए विवादों के बाद अपनाया है। आंतरिक समीक्षा में पाया गया है कि पिछले चुनावों में प्रभावशाली नेताओं की सिफारिशों पर भरोसा करने और बार-बार उम्मीदवार बदलने से पार्टी को नुकसान हुआ था। अब सपा का मानना है कि पेशेवर सर्वे व्यक्तिगत वफादारी और स्थानीय प्रतिद्वंद्विता से ऊपर उठकर एक वास्तविक और सहज स्थिति पेश करेंगे। कुल मिलाकर सपा आपसी खींचतान, भीतरी गुटबाजी और गठबंधन सहयोगियों की कलाबाजी जैसे सियासी संकटों से निपटने के लिए फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। इस बीच, मुजफ्फरनगर के सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने भी मीरापुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इस्तीफा भेज दिया है।

## यूपी को 21 सीएम मिले, लेकिन योगी आदित्यनाथ जैसा कोई नहीं; बुलडोजर बाबा के नाम कई रिकॉर्ड



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** राजनीति में एक बेहद मुखर नेता, भगवाधारी संन्यासी और सख्त प्रशासक के रूप में अपनी पहचान बना चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज जन्मदिन है। 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में जनमे योगी आदित्यनाथ का सफर बेहद विस्मयकारी और प्रेरणादायक रहा है।

गणित से स्नातक करने के बाद अध्यात्म की राह चुनने वाले योगी आदित्यनाथ ने जब राजनीति के मैदान में कदम रखा तो इतिहास रचना शुरू कर दिया। वैसे तो यूपी में अब तक 21 मुख्यमंत्री बने हैं लेकिन सीएम योगी जैसा कोई नहीं रहा है। आज वह बुलडोजर बाबा के नाम से भी जाने जाते हैं। उनके मॉडल को देश की कई राज्य सरकारों ने अपनाना शुरू कर दिया है। योगी आदित्यनाथ के नाम संसदीय राजनीति में एक ऐसा रिकॉर्ड है जो उनकी शुरुआती राजनीतिक स्वीकार्यता को दर्शाता है। साल 1994 में गोरखनाथ पीठ के महंत अवैद्यनाथ के शिष्य बनने और संन्यास दीक्षा लेने के बाद उन्होंने गोरखपुर को अपनी कर्मभूमि बनाया। महज 26 साल की उम्र में 1998 में वे गोरखपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर चुनाव लड़े और जीतकर 12वीं लोकसभा के अब तक के सबसे युवा सांसद बने। इसके बाद गोरखपुर के मतदाताओं ने उन पर ऐसा भरोसा जताया कि वे लगातार 1999, 2004, 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में अजेय रहे



और लगातार पांच बार देश की संसद पहुंचे। साल 2017 में जब भाजपा ने उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत हासिल किया तो सत्ता की कमान योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई। मार्च 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने सूबे की राजनीति के कई मिथकों को तोड़ा। आज उनके नाम उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है। उनसे पहले डॉ. सम्पूर्णानन्द, अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेताओं ने लगातार 5 साल का कार्यकाल तो पूरा किया था, लेकिन कोई भी लगातार इतने लंबे समय तक इस कुर्सी पर काबिज नहीं रह सका। उत्तर प्रदेश की राजनीति में दशकों से एक अंधविश्वास चला आ रहा था। कहा जाता कि जो मुख्यमंत्री नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) का दौरा करता है, उसकी कुर्सी चली जाती है। पूर्व के कई मुख्यमंत्रियों ने इस डर से नोएडा से दूरी बनाए रखी। लेकिन योगी आदित्यनाथ ने इस अंधविश्वास को सिरे से खारिज किया और अपने पहले कार्यकाल में दर्जनों बार नोएडा का दौरा किया। इसके बाद भी 2022 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने न सिर्फ शानदार जीत हासिल की, बल्कि यूपी के 37 साल के इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने 5 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की। मुख्यमंत्री बनने के बाद कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिए उन्होंने बेहद कड़े फैसले लिए। अपराधियों, भू-माफियाओं और दंगाइयों की अवैध संपत्तियों पर सरकारी बुलडोजर चलाने की उनकी नीति इतनी प्रसिद्ध हुई कि जनता ने उन्हें 'बुलडोजर बाबा' का नाम दे दिया। आज कानून-व्यवस्था का यह 'योगी मॉडल' न केवल भारत के अन्य राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और हरियाणा में अपनाया जा रहा है, बल्कि हर तरफ सराहना हो रही है। सीएम योगी ने यूपी में एक तरफ विकास की नई इबारत लिखी तो दूसरी ओर हिन्दुत्व की धार को भी तेज की है। एक्सप्रेसवे का जाल बिछाकर उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' बनाने के साथ ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के साथ प्रयागराज, मथुरा, चित्रकूट में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए तमाम कार्य कराए गए। बंटोगे तो कटोगे का नारा दिया और सड़कों पर नमाज की पाबंदी लगाकर अलग तरह का संदेश दिया है।

# ब्लॉक में ग्राम सचिवों को दी गई भावभीनी विदाई

## उम्दा कार्यकाल की सभी ने की सराहना

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विकास खंड कार्यालय के सभागार कक्ष में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ग्राम सचिव नरेंद्र पटेल और वसीम खान को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। दोनों अधिकारियों का अन्य विकास खंडों में स्थानांतरण होने पर ब्लॉक परिवार की ओर से उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जानकारी के अनुसार, ग्राम सचिव नरेंद्र पटेल का स्थानांतरण विकास खंड डकोर तथा वसीम खान का स्थानांतरण विकास खंड रामपुरा किया गया है। समारोह में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दोनों सचिवों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मूलचंद निरंजन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन अपने कार्यों और व्यवहार से लोगों के दिलों में स्थान बनाने वाले अधिकारी हमेशा याद किए जाते हैं। उन्होंने दोनों सचिवों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए नए कार्यस्थल पर भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से दायित्व निभाने की शुभकामनाएं दीं।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र पटेल 'शीलू पडरी' ने भी अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के संचालन और शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में ग्राम सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दोनों अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया है।समारोह के दौरान अतिथियों एवं कर्मचारियों द्वारा दोनों सचिवों को स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सचिव नरेंद्र, पूनम, सूरजभान, प्रशांत, हर्षित गुप्ता सहित ब्लॉक के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम के तहत व्यापारियों को दी गयी जानकारी

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** नगर के रामगंज बाजार स्थित एक दुकान पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम के तहत व्यापारियों को जीएसटी 2.0 के अंतर्गत ई इनवायसिंग और कर अनुपालन की विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया उक्त कार्यक्रम राज्य कर विभाग जनपद इकाई द्वारा आयोजित करते हुए व्यापारियों से सीधी वार्ता कर उनकी कर सम्बन्धी समस्याओं शंकाओं और सुझावों को सुना जिन्हें तुरंत निस्तारित करते हुए जीएसटी पोर्टल की तकनीकी प्रक्रियाओं से परिचित कराते हुए ई इनवायसिंग जीएसटी रिटर्न फाइलिंग इनपुट टैक्स क्रेडिट नियम 14 ए के प्रावधानों और डिजीटल कर प्रणाली को बताया जिससे बिना किसी परेशानी के व्यापारी अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर सकें। कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा पूंछे गए सभी संभावित प्रश्नों का अधिकारियों द्वारा विस्तार पूर्वक समाधान करते हुए उन्हें तकनीकियों से परिचित कराया। इस दौरान राज्य कर उपायुक्त अमित कुमार यादव, सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा, राज्य कर अधिकारी सचिन आनंद एवं रोहित अग्रवाल सहित अधिवक्ता राजेंद्र निगम, राजेंद्र रेजा, गौरव सोनी, प्रहलाद कौशल, रामबाबू नरी, देवेंद्र अग्रवाल ओम प्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रानू अग्रवाल, सुमित रिछारिया, बल्लन अग्रवाल श्यामू अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संदीप चोपड़ा गौरव पटेल सहित तमाम व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

# एसडीएम रिंकू सिंह को शिकायती पत्र देकर बरसात से पूर्व तालाब की सफाई व पानी की निकासी की मांग की

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सरकार तालाबों की स्थिति सुधारने के लिए अमृत सरोवर योजना चला रही है। इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के तालाब की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा। ग्राम पनहरा के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बरसात से पूर्व तालाब की सफाई व पानी की निकासी कराने की मांग की है जिससे बरसात में ग्रामीणों को दिक्कत न हो।

विकास खंड के ग्राम पनहरा में एक तालाब स्थित है जिसमें गांव का पानी जाता है। तालाब की लगभग 10 वर्ष से सफाई नहीं हुई है, जिससे वह सिकुड़ता जा रहा है। तालाब का एरिया कम हो रहा है और गंदगी भरने से गहराई कम होती जा रही है। गहराई व चौड़ाई कम होने के कारण तालाब बरसात में जल्दी भर जाता है। पानी की निकासी की व्यवस्था न होने के कारण ओवरफ्लो हो जाता है। तालाब का पानी आसपास की गलियों में भरने के कारण घरों में घुस जाता है। गांव की गलियों व घरों में पानी भरने के आवागमन प्रभावित होता है और जहरीले कीडें आने का डर बना रहता है। ग्रामीणअंश गौतम, सुमन, अंकित विक्रम, सत्यनारायण, सुभाषचंद्र, अमरीश कुमार, गौरीश, अरविंद कुमार, रामनरेश, अभिषेक, गोलू, ग्याप्रसाद, राज कुमार, अशोक कुमार आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि बरसात के पूर्व गांव के तालाब की सफाई कराई जाए और तालाब के पानी की निकासी की व्यवस्था कराई जाए जिससे बरसात में गांव में होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान हो सके।

# टंकी बनने और पाइपलाइन डलने को हो गए दो वर्ष, पानी की सप्लाई अभी तक नही

## यह है अंधेरगर्दी का आलम

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए नमामि गंगे परियोजना के तहत गांव में पाइपलाइन डाल कर टंकी का निर्माण कराया गया है। टंकी व पाइपलाइन डले हुए दो वर्ष बीत गए हैं लेकिन लीकेज व पानी के प्रेशर का संतुलन न होने के कारण पानी की बर्बादी हो रही है और ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के मौसम में पानी न मिलने से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। विकास खंड के ग्राम उरगांव में पेयजलापूर्ति के लिए नमांमि गंगे परियोजना के 2022 में पाइपलाइन डालने के साथ टंकी का निर्माण शुरू हुआ था। लगभग दो वर्ष में पाइपलाइन डालने व टंकी निर्माण का काम पूरा हो गया। किन्तु इसके बाद भी गांव के लोगों को पाइपलाइन से पानी नही मिल पा रहा है। ऊंचे नीचे क्षेत्र में बसे गांव में एक ही प्रेशर से पानी छोड़ा जा रहा है जिससे ज्यादा प्रेशर के कारण निचले क्षेत्र में लीकेज हो गये और उंचाई के क्षेत्र में पानी नहीं चढ़ पा रहा है। लीकेज के कारण गांव की जलापूर्ति ठप्प है जिससे गांव के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण कृष्ण कुमार द्विवेदी, जगमोहन याज्ञिक, सत्यम, सौरभ त्रिपाठी, आकाश बाथम, अंकुर निरंजन, प्रहलाद तिवारी, अवनीश, रविंद्र, विकास, पवन, पुष्पा, कमलेश, रमाकांत आदि ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर गांव की पेयजलापूर्ति के पाइपलाइन के लीकेज ठीक कराने व गांव में पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

# ओलावृष्टि से पीड़ित तमाम किसानो को अभी तक नही मिली सहायता राशि

## -भाकियू ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** ओलावृष्टि से प्रभावित तमाम किसानों को अब तक दैवीय आपदा राहत राशि न मिलने पर भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम से जल्द ही प्रभावित तमाम किसानों को राशि प्रदान कराए जाने की मांग की है।




भाकियू के तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल की अगुवाई में तहसील में जुटे संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम हेमंत कुमार पटेल को ज्ञापन देकर कहा कि बीती 5 अप्रैल को तहसील क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं आदि की फसलें बर्बाद हो गई हैं। वहीं शासन के निर्देश पर संबंधित गांवों के लेखपालों द्वारा बर्बाद हुई फसलों का सर्वे भी किया गया ओर प्रभावित किसानों से जरूरी प्रपत्र भी लिए गए थे। ज्ञापन में कहा कि ग्राम पडरी, पचीपुरा कलां, भदेवरा, चमेंड, ऊमरी, घमूरी आदि गांव है जहां प्रभावित किसानों को अभी तक सहायता राशि नहीं मिली है जिससे किसान आर्थिक परेशानी में हैं और इससे खेती कार्य भी प्रभावित हो रहा है। मामले को लेकर एसडीएम से जल्द ही प्रभावित किसानों को सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन, प्रमोद कुमार, कौशल किशोर, सुशील कुमार, गयाप्रसाद, रामबाबू, दशरथ आदि शामिल रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर में सरकारी कार्यालयों व अस्पतालों में पौधारोपण किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर नगर में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के एक पेड़ मां के नाम अभियान 3 के तहत नगर में सरकारी कार्यालयों व अस्पतालों में पौधारोपण किया गया और उनकी सुरक्षा व संवर्धन का संकल्प लिया गया।



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पांच जून 2024 को एक पेड़ मां के नाम से अभियान की शुरुआत की गई थी। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत तहसील परिसर में एसडीएम रिंकू सिंह राही, प्रभारी तहसीलदार तारा शुक्ला, नायब तहसीलदार सतेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय वन अधिकारी हरिकिशोर शुक्ला, वन दरोगा मुबारक अली ने तहसीलदार व उपजिलाधिकारी कार्यालय के कर्मचारियों के साथ कार्यालय परिसर में पीपल, बरगद आदि के पौधारोपण किए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता, डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, डॉ. राजीव दुबे, डां. योगेश आर्या, डॉ. प्रियांशु, डॉ. विनोद कुमार, पीएन शर्मा व अवधेश राजपूत, सचिन गुप्ता, विजय राव, सुनील कुमार, अमित कुमार, राघवेंद्र कुमार आदि ने चिकित्सालय परिसर में खाली पड़ी जमीन को हरा भरा करने के मां के नाम पर पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। चिकित्सालय में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को भी एक एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

# बेटे ने पिता के साथ गाली, गलौज करते हुए अभद्रता की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । पारिवारिक विवाद को लेकर बेटे ने पिता के साथ गाली, गलौज करते हुए अभद्रता कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी किशोरीलाल ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा सुरेशचंद्र अक्सर पारिवारिक कारणों को लेकर विवाद करता रहता है।

कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन समझने को तैयार नहीं है। आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह वह घर में विवाद कर रहा था। जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो अभद्रता करते हुए गाली, गलौज कर दी और पिटाई पर आमादा हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# पुलिस ने की तीन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अराजक तत्वों में हड़कंप मचा है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि गांधी नगर निवासी निष्कर्ष कुशवाहा उर्फ बॉबी, तिलक नगर निवासी राहुल यादव उर्फ बंटा और शिवा यादव के खिलाफ गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार तीनों के खिलाफ पूर्व में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुके हैं और उनकी गतिविधियां जनसामान्य की शांति एवं सुरक्षा के लिए प्रतिकूल पाई गईं। इसी के मद्देनजर उनके विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी किसी प्रकार की संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

## विकास कर्यों में तेजी लाए-मूलचंद्र

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** विकास खंड कार्यालय कोंच में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास खंड क्षेत्र की सभी 62 ग्राम पंचायतों में कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कुल 16 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के माध्यम से करीब 90 लाख रुपये की लागत से नाली, खड़ंजा,सीसी रोड, इंटरलॉकिंग के अलावा अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्य कराए जाएंगे।ब्लॉक प्रमुख रानी देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन उपस्थित रहे। उन्होंने ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है और सरकार गांवों तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ब्लॉक प्रमुख ने बैठक में आए सभी प्रस्तावों पर चर्चा कर ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों से जुड़े विकास कार्यों, निर्माण योजनाओं तथा अन्य प्रशासनिक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बीडीओ प्रशांत यादव ने कहा कि स्वीकृत कार्यों को जल्द शुरू कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र पटेल शीलू पड़री, हरीश निरंजन, देवेंद्र निरंजन तथा प्रधान रवि बिरगुआं सहित सचिव नरेंद्र पटेल, वसीम खान, हर्षित गुप्ता, पूनम, सूरजभान, प्रशांत श्रीवास्तव, अवर अभियंता गिरीन्द्र सिंह, मनोज, रामशंकर सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और बीडीसी सदस्य उपस्थित रहे। इससे पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलन कर बैठक की औपचारिक शुरुआत की, तदोपरांत बीडीओ प्रशांत यादव एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन शीलू आदि ने विधायक का माल्यार्पण कर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

# हाईटेंशन लाइन का खंभा एक ओर झुक जाने से ग्रामीण दहशत में, कभी भी हो सकता है जानलेवा हादसा

## -विधुत विभाग की जारी है जानलेवा लापरवाही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम काशीपुरा में मुख्य सड़क किनारे लगा हाईटेंशन लाइन का खंभा एक ओर झुक जाने से ग्रामीणों चिंतित है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से खंभे को सीधा कराने और लाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



ग्रामीण शिवम, राजेश आदि ने बताया कि गांव की मुख्य सड़क पर तालाब के पास हाईटेंशन लाइन के दो पोल लगे हुए हैं। समय के साथ दोनों पोल धीरे-धीरे सड़क की ओर झुक गए हैं। पोल झुकने से तारों का संतुलन भी प्रभावित हुआ है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, ट्रक और अन्य बड़े वाहन गुजरते हैं। पोल सड़क की ओर झुके होने के कारण भारी वाहन निकालते समय खतरा बना रहता है। ग्रामीणों को आशंका है कि तेज हवा, बारिश या किसी अन्य कारण से यदि पोल और झुक गया तो बिजली आपूर्ति बाधित होने के साथ बड़ा हादसा भी हो सकता है। आरोप लगाया कि यह पोल काफी समय से झुका है। पिछले दिनों आई आंधी में पोल और अधिक झुक गए हैं। सड़क की ओर झुके होने के कारण स्थिति खराब हुई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर झुके हुए खंभों को बदलने या मजबूत आधार देकर सीधा कराने की मांग की है।

# चकरोड से श्मशान घाट तक पक्की सड़क बनवाने की मांग डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चकरोड से श्मशान घाट तक पक्की सड़क न होने से बरसात के मौसम में ग्रामीणों को अपने परिजनों के शव को श्मशान घाट तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। बारिश में गंदे पानी और कीचड़ भरे रास्ते से होकर श्मशान घाट तक पहुंचना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस रोड को बनवाने की मांग डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत चरसौनी के मजरा जलालपुर निवासी सुरेश कुमार, गंगाराम, विनोद, राजेश कुमार आदि ने डीएम राजेश पांडेय को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनके गांव में श्मशान घाट के गाटा संख्या 494 तक पहुचंने के लिए चकरोड संख्या 495 है। यह चकरोड कच्चा है। बरसात के मौसम में पानी बरसने पर यह चकरोड पानी से भर जाता है और कीचड़ हो जाता है। बारिश के मौसम में यदि किसी ग्रामीण के परिजन की मृत्यु हो जाती है तो शव को श्मशान घाट तक पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों को गंदे पानी और कीचड़ भरे रास्ते से होकर शव को श्मशान घाट लेकर पहंचना पड़ता है। जिसमें काफी दिक्कत होती है। इस सड़क को सीसी सड़क बनवाने के लिए स्थानीय स्तर पर कई बार प्रयास किया गया, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए चकरोड संख्या 495 को श्मशान घाट तक पक्का कराया जाए।

# बैठक कर जुलूस के रूट, सुरक्षा व्यवस्था, समय निर्धारण एवं अन्य व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । मुहर्रम के पर्व पर निकलने वाले छड़ के जुलूस को लेकर नगर के मोहल्ला चिमनदुबे में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जुलूस के रूट, सुरक्षा व्यवस्था, समय निर्धारण एवं अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। साथ ही सभी लोगों से आपसी भाईचारा, अनुशासन और परंपराओं के अनुरूप कार्यक्रम संपन्न कराने का आह्वान किया गया। नगर के मोहल्ला चिमनदुबे में जाकिर सिद्दीकी के आवास पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अधिवक्ता असलम सिद्दीकी ने की। अधिवक्ता असलम सिद्दीकी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व त्याग, बलिदान और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। इस दौरान निकाले वाले जुलूस में सभी लोगों को अनुशासन बनाए रखना चाहिए। पर्व के दौरान उल्लास तो रहता है लेकिन इसके साथ ही प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। छड़ कमेटी के अध्यक्ष जाकिर सिद्दीकी ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम का पर्व पूरी अकीदत और सम्मान के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जुलूस के रूट और समय को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली गई है। बैठक में जुलूस मार्ग की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

# खाद्य रसद एवं आपूर्ति कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय का उरई में भव्य और अभूतपूर्व स्वागत

## सुदामा दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित किया गया विशाल कार्यक्रम

### -मंत्री के स्वागत में उमड़ा जनसमूह और बुंदेलखंडी छटा



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य रसद एवं आपूर्ति कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा नेता सुदामा दीक्षित की अगुवाई में किया गया, जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नागेन्द्र गुप्ता, तरुण तिवारी, धर्मेंद्र कुशवाहा (प्रधान बरहा), भाजपा नेत्री शीतल कुशवाहा, बृजभूषण सिंह मुन्नू, गणेशदत्त गिरी, शिवसेना जिलाध्यक्ष कृष्णा आर्या, मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश राहिया, डकोर अध्यक्ष शंकर राजपूत, बूथ अध्यक्ष देवेन्द्र राजपूत, मुकेश राजपूत, जिला उपाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, जिला सचिव मानवेन्द्र ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं रसद कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गरीब, किसान, मजदूर एवं जरूरतमंद लोगों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास और सुशासन की नई मिसाल स्थापित की गई है।

# गौसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं, गौ संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत का आधार

## गौशाला की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

### -सदर विधायक, कालपी विधायक, डीएम एवं एसपी ने डकोर गौशाला पहुंचकर गोवंश को खिलाया गुड़-चना



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकास खण्ड डकोर स्थित गौशाला में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पहुंचकर गोवंश की सेवा की तथा उन्हें गुड़ एवं चना खिलाकर गौ संरक्षण का संदेश दिया और वृक्षारोपण किया।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है। गौसेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज निर्माण का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ धरातल तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि गौशालाएं केवल आश्रय स्थल नहीं बल्कि पशुधन संरक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि गोवंश की समुचित देखभाल, स्वच्छता, चारा-पानी एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन और समाज दोनों का दायित्व है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि गोवंश के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में चारे, स्वच्छ पेयजल, छायादार व्यवस्था तथा पशु चिकित्सा सुविधाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंश की सेवा एवं संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें जनसहभागिता भी आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि पशुओं के प्रति संवेदनशीलता और सेवा भाव भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने गौशाला में मौजूद गोवंश को गुड़-चना खिलाकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने गौसेवा को मानव सेवा के समान बताते हुए गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गौशाला परिसर में स्वच्छता, हरियाली एवं बेहतर व्यवस्थाओं पर भी विशेष बल दिया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जालौन ने रचा हरियाली का नया अध्याय, 'एक पेड़-माँ के नाम' अभियान में 10.37 लाख से अधिक पौधों का रोपण

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामवासियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में संचालित 'एक पेड़-माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जनपद जालौन में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकास खण्ड डकोर के ग्राम मोहम्मदाबाद में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का आधार नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व से भी सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़-माँ के नाम' अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम है। प्रत्येक नागरिक यदि एक पौधे को अपनी माँ के नाम समर्पित कर उसका संरक्षण करने का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिकाधिक वृक्षारोपण कर इस जन अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों और स्वयंसेवी संगठनों से पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में सभी विकास खण्डों, नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया। अमृत सरोवरों, तालाबों, गौशालाओं, सड़कों, नदी एवं नहरों के किनारे तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 10 लाख 37 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्थानीय एवं पारंपरिक प्रजातियों के साथ-साथ फलदार वृक्षों के रोपण को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जैव विविधता को भी मजबूती मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि इस महाअभियान में विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय कर्मियों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही महत्वपूर्ण है तथा सभी संबंधित विभागों को पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उचित दर विक्रेताओं के अवशेष देयों के भुगतान को लेकर 5 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उचित दर विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं एवं अवशेष देयों के भुगतान की मांग को लेकर विक्रेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लंबित भुगतान शीघ्र कराए जाने तथा विक्रेताओं की अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की गई ।वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से उचित दर विक्रेताओं के विभिन्न देय लंबित पड़े हैं, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सभी बकाया भुगतान जल्द जारी कराए जाएं तथा विक्रेताओं के हितों का ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जयदेव यादव, शिवपाल सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील शर्मा, संतोष यादव, रामसिया चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लोधी क्षत्रिय एम्प्लॉयीज एसोसिएशन की ओर से मेधावियों छात्रों का हुआ सम्मान

### - प्रतिभाओं के सम्मान से शिक्षा के प्रति बढ़ेगा उत्साह



( यंग भारत न्यूज )

**उरई,जालौन।** लोधी क्षत्रिय एम्प्लॉयीज एसोसिएशन की ओर से स्वामी ब्रह्मानंद पार्क में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा एसएससी-सीजीएल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले युवक को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बंधौली गांव निवासी सचिन राजपूत को एसएससी-सीजीएल 2025 परीक्षा में सफलता हासिल करने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वहीं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली आराध्या राजपूत (96.1 प्रतिशत), कौशलेन्द्र राजपूत (93.4 प्रतिशत), पलक राजपूत (92 प्रतिशत) और अवंतिका राजपूत (90 प्रतिशत) को भी सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता लक्ष्य के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार लोधी ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में प्रयास करने से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों ने मेधावियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में सुशील राजपूत, मनोज राजपूत, रणजीत राजपूत, इं. मलखान सिंह, नीरज राजपूत, भगवान दास, रामस्वरूप, भगवत प्रसाद, अम्बिका प्रसाद, मूलचंद्र, कन्हैयालाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन डॉ. शत्रुघ्न सिंह ने किया।

# उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- **08, 09 एवं 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में होगी परीक्षा**
- **09 केंद्रों पर 19,584 अभ्यर्थी होंगे शामिल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध**

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यह परीक्षा जनपद में 08, 09 एवं 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 09 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों पर तीनों दिनों की छ: पालियों में कुल 19,584 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रत्येक पाली में 3,264 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु 09 केंद्र व्यवस्थापक, 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 09 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 09 सह केंद्र व्यवथापक, 09 परीक्षा सहायक, इसके अतिरिक्त 03 रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट, 03 रिजर्व स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 03 रिजर्व केंद्र व्यवस्थापक भी नामित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सत्यापन की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के भीतर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। अभ्यर्थी मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, हेडफोन, कैलकुलेटर, डिजिटल डायरी, कैमरा, पेन ड्राइव अथवा अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण को परीक्षा केंद्र में नहीं ले जा सकेंगे। प्रवेश से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच एवं सत्यापन कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति अथवा समूह के विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर समाप्ति तक प्रत्येक गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखी जाए तथा किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, जोनल, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक सहित जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित मौजूद रहे।

# घर में घुसकर लूटपाट व मारपीट का आरोप, पीड़ित ने एसपी से कार्यवाही की उठाई मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** एट थाना क्षेत्र के अन्तर्गत वार्ड नंबर 2, महारानी लक्ष्मीबाई नगर निवासी आबिद खाँ ने अपर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि 1 जून 2026 रात्रि लगभग 11 :30 मिनट को कुछ लोगों ने उसके घर में घुसकर उसकी और परिवार की जमकर पिटाई की और लूटपाट की। व्यक्ति ?विशेषों ने लाठियाँ ?डंडे व बंदूक दिखाकर धमकाया और घर के अंदर से जबरन 50,000 की एलआईसी किस्त, लगभग 3,50,000 नकद तथा परिवार के सोने ?चांदी के गहने और मोबाइल फोन छीन लिए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने दरवाज़ा बाहर से बंद कर दिया था।

आबिद ने दावा किया है कि यह घटना पहले से रची गई साजिश का परिणाम थी और आरोपियों के नाम भी शिकायत में दर्ज कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि 2 जून को एट थाना में प्रार्थना पत्र दिया गया, फिर भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुलिस पर कुछ लोगों के साथ सांठगांठ कर मामला दबाने व समझौते का दबाव डालने की प्रवृत्ति की आशंका है, और उसकी शिकायत के बावजूद पुलिस अपनी टीम भेजकर घर पर जांच तक नहीं कर रही है। आबिद ने अपर पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष, शीघ्र जांच कराने और लूटे गए माल व रकम की वसूली की मांग की है। पीड़ित ने अपर पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग उठाई।

# सेवानिवृत्त होमगार्ड जवानों को सम्मान के साथ दी विदाई

## नौ जवानों को मिला प्रशस्ति पत्र, स्थानांतरित अधिकारियों का भी हुआ सम्मान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन ।** जिला होमगार्ड कार्यालय में शुक्रवार को सेवानिवृत्त होमगार्ड जवानों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जवानों की सेवाओं को याद करते हुए उन्हें सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।

विकास प्राधिकरण स्थित जिला कमांडेंट कार्यालय के सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता जिला कमांडेंट राजेश कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त जवानों ने अपने कार्यकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ दायित्वों का निर्वहन कर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। उनका अनुभव आने वाली पीढ़ी के जवानों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने जवानों से ड्यूटी के दौरान अनुशासन बनाए रखने और आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की। साथ ही कहा कि क्षेत्र में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं की सूचना समय पर पुलिस प्रशासन को देकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। समारोह में सेवानिवृत्त जवानों को शॉल और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले नौ जवानों को पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान जनपद से स्थानांतरित हुए होमगार्ड अधिकारियों बुजेश कुमार सिंह और तुलसीराम को भी शाल उढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार, जिला कमाण्डेन्ट के सहायक सहित जनपद के होमगार्ड्स विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे साथ ही सेवानिवृत्त हुये जवानों के परिजन भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर रोपे गए पौधे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे दिन हुआ वृक्षारोपण





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में शुक्रवार सुबह 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हाटा स्थित सेल्टर होम के सामने बने पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है, बल्कि मातृत्व के सम्मान का भी संदेश देता है।पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हरियाली बढ़ाने से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अम्बरीष महाराज,नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, आनन्द सकेरे विनोद सोनी, गौरव तिवारी, राजेश्वरी यादव, सीमा अहिरवार, अनिल कपूर, रवि कुशवाहा, शिवसिंह कुशवाहा, प्रदीप वर्मा, राघवेंद्र निरंजन सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।वही कैलिया रोड स्थित हमारा पम्प पर प्रबंधक अनिल सोनी ने अपने कर्मचारियो के साथ वृक्षारोपण कर धरती का श्रंगार किया।नगर पालिका ईओ मोनिका उमराव ने सभासद माधव यादव, गौरव तिवारी,नरेश कुशवाह आदि ने पौधे रोपकर उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया।सूरज ज्ञान महाविद्यालय में एनएसएस प्रथम व द्वितीय के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण के अवसर पर पर्यावरण संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री एवं नगर प्रभारी मीनू मिश्रा मौजूद रही।उन्होने कहा हम सभी का कर्तव्य है कि कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए।इतना ही नही उसकी जव तक देखभाल करे जव तक वह मजबूत न हो जाए।महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिओ का विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष मिश्रा द्वारा अंगवस्त्र उडाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस मौके पर दीपक मिश्रा,मनीष नगरिया,सुनील मुदगिल, अजय स्वर्णकार, नीरज सोनी,सुरेंद्र यादव, गजेंद्र राजावत, अनिल यादव, खुशनमा, श्रृष्टि सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता है सर्वोच्च प्राथमिकता - मंत्री मनोज कुमार पाण्डेय




## -जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार पाण्डेय जी ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की मंशा है कि विकास और जनकल्याण की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी विभाग संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी नीतियां एवं लोककल्याणकारी कार्यक्रम समाज के गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रहे हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।मा0 मंत्री जी ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, राजस्व, ग्राम्य विकास, नगरीय विकास एवं अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विजा दीक्षित, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम भदारी के पास सड़क किनारे पड़े पेड़ की डाल से टकराकर बाइक सवार मां बेटा घायल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर रात कोंच-उरई रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे गिरे हुए पेड़ की डाल की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और ग्रामीणों की तत्परता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया।जानकारी के अनुसार सोम कुमार उम्र 19 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रविंद्र कुमार निरंजन निवासी ग्राम कुकरगांव, जनपद जालौन, अपनी माता अर्चना देवी उम्र 45 वर्ष के साथ रिश्तेदारी में आयोजित लगुन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दोनों बाइक से अपने ग्राम कुकरगांव लौट रहे थे। बताया जाता है कि जब वे उरई रोड स्थित ग्राम भदारी के पास पहुंचे, तभी सड़क किनारे गिरे हुई पेड़ की एक बड़ी डाल से टकरा गई। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भर्ती कर लिया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने सड़क किनारे पड़े पेड़ों और उनकी टूटी हुई डालों को हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे पड़े पेड़ और उनकी शाखाएं राहगीरों के लिए लगातार खतरा बनी हुई हैं।

# माधौगढ़ के प्रभारी निरीक्षक ने बारीकी से किया बैंक शाखाओं का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिया जोर

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से माधौगढ़ कोतवाल अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को विभिन्न बैंकों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान बैंक का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान कोतवाल ने बैंक परिसर, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा ग्राहकों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैंक कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। कोतवाल ने बैंक में मौजूद ग्राहकों से भी संवाद किया और उन्हें अनावश्यक रूप से बैंक परिसर में भीड़ न लगाने तथा शांति एवं अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और समय-समय पर इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान बैंक कर्मचारियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

# मेडिकल कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद वृक्षारोपण

## 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन ।** राजकीय मेडिकल कॉलेज जालौन में विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में अधिकारियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। पौधरोपण के दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप मेडिकल कॉलेज में 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए चरणबद्ध तरीके से वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। प्रधानाचार्य ने उपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण से ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. हरमूर्ति सिंह, डॉ. जितेंद्र मिश्रा, डॉ. हर्ष पटेल सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# महीनों से अधूरा पड़ा है नाले का निर्माण, बरसात आ जाने से हो रही राहगीरों को मुसीबत

( यंग भारत न्यूज )

**डिकौली ( माधौगढ़ )** नगर क्षेत्र में बुंदेलखंड इंटर कॉलेज के पास चल रहा नाला निर्माण कार्य लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू करने के बाद नाला और सड़क का हिस्सा खोद दिया गया, लेकिन कई महीनों से काम अधूरा छोड़ दिया गया है। इसके चलते राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण के नाम पर मुख्य मार्ग को खोदकर छोड़ दिया गया है। बारिश के मौसम में सड़क पर मिट्टी और कीचड़ फैल जाने से आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नाला निर्माण स्थल के आसपास रहने वाले नागरिकों का कहना है कि खुले पड़े गड्ढों और अधूरे निर्माण कार्य के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। धूल, गंदगी और जलभराव की समस्या अलग से बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण सामग्री और मजदूरों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते कार्य की रफ्तार पूरी तरह थम गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य शुरू किया गया था तो उसे निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना चाहिए था। अधूरा काम छोड़ देने से जनता को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग निर्माण कार्य की समीक्षा कराए और जल्द से जल्द नाला निर्माण पूरा कराया जाए। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कार्य में देरी का वास्तविक कारण क्या है। ऐसे में प्रशासन और संबंधित विभाग द्वारा जांच कर जिम्मेदार पक्ष की जवाबदेही तय करना आवश्यक माना जा रहा है। यदि लापरवाही पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई भी की जानी चाहिए। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे प्रशासन के समक्ष सामूहिक रूप से अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत तीन अभियुक्तों को सजा, मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी रंग लाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद जालौन पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय ने एक पुराने आपराधिक मामले में तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली उरई में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 249/16 धारा 41/411 भादवि से संबंधित मामले में न्यायालय ने अभियुक्त विजय दोहरे, गौरव तथा पुष्पेन्द्र को दोषसिद्ध पाते हुए प्रत्येक को एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 2,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अभियुक्त विजय दोहरे पर अतिरिक्त रूप से एक अन्य धारा के अंतर्गत 2,000 रुपये का अतिरिक्त अर्थदंड भी लगाया गया है। इस मामले में मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी द्वारा साक्ष्यों और गवाहों को प्रभावी ढंग से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अभियुक्तों को दंडित कराया जा सका। जालौन पुलिस ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के माध्यम से दोषियों को न्यायालय से शीघ्र सजा दिलाने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं।

# उद्घाटन के बाबजूद भी ठप पड़ी गेहूं खरीद, अब बारिश में भीग रही किसानों की उपज

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील स्थित गल्ला मंडी क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद का उद्घाटन तो कर दिया गया, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। अब तक केंद्र पर खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है, जिससे किसान परेशान होकर अपनी उपज लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। किसानों ने शासन के निर्देशानुसार पंजीकरण कराकर गेहूं बेचने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन क्रय केंद्र पर बारदाना (बोरी) की व्यवस्था न होने के कारण खरीद पूरी तरह ठप पड़ी है। कर्मचारी भी बारदाना न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। इस बीच मौसम की बेरुखी ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। खुले में रखा गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है, वहीं आवारा पशु भी अनाज के ढेर पर बैठकर उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों की मेहनत की फसल यूं ही बर्बाद होती देख उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। समय पर खरीद शुरू न होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। परेशान किसान लगातार प्रशासन से व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं की गई और बारदाना की व्यवस्था नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# आयोजित हुआ 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम

## कर संबंधी समस्याओं का मौके पर त्वरित एवं समयबद्ध हो निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )






**उरई।** मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश) एवं आयुक्त राज्य कर उ0प्र0 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में राज्य कर विभाग जनपद जालौन द्वारा आज नगर उरई में 'व्यापारी संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। उक्त् कार्यक्रम में व्यापारियों की कर संबंधी समस्याओं का मौके पर त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण किया गया। जीएसटी 2.0 (त्रस्ज्ञ 2.0) के नवीन प्रावधानों एवं ई-इनवॉयसिंग की जानकारी दी गयी, विभागीय अधिकारियों के द्वारा व्यापारियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी शंका का समाधान किया गया। इस संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीएसटी करदाताओं को जीएसटी पोर्टल की तकनीकी बारीकियों, ई-इनवॉयसिंग, सुगम रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट (ड्ढ्ढञ्च) तथा नियम 14 के नवीन प्रावधानों से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना एवं, व्यापारियों की कर संबंधी समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, विधिक व्यवस्थाओं के प्रति जागरूक करना है। उक्त् संवाद कार्यक्रम में जनपद जालौन के व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों में डा0 दिलीप सेठ, संतोष गुप्ता, अधिवक्तागण, गोविन्द रेजा, राजेन्द्र निगम, मो0 वासित्, महेन्द्र निगम, मुरलीधर गुप्ता, अक्षत अग्रवाल, सी0ए0 सौरभ महेश्वरी एवं नगर के विभिन्न व्यापारियों द्वारा उपस्थित होकर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग की ओर से उपायुक्त जय शंकर शाही, अमित कुमार यादव, सहायक आयुक्त आशीष मिश्रा, दीप्ति सिंह, एवं राज्य कर अधिकारी सचिन आनन्द, रामानन्द, पीतम सिंह एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 'वो तड़पता रहा, दोनों गले पर पैर रखे रहे...' पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, 4 माह बाद मिला कंकाल

( यंग भारत न्यूज )

**शाहजहांपुर।** शादी के 16 वर्ष बाद ओमा भारती के कदम ऐसे बहके कि पति ओमकार की हत्यारी बन गई। प्रेमी नन्हे के साथ मिलकर उनकी पैरों से गला दबाकर हत्या की, उसके बाद शव गड्ढे में दफना दिया।पुलिस गुमशुदगी दर्ज करके शांत बैठ गई। दोनों मुतमईन हो गए कि यह राज अब कभी नहीं खुलेगा। मगर गुरुवार को मृतक के भाई ने अनहोनी की आशंका जताई तो काल डिटेल निकलवाई गई, जिसने पूरी घटना से पर्दा उठा दिया।



शुक्रवार को दोनों हत्यारोपित गिरफ्तार किए तो गुनाह स्वीकार लिया। चार माह में कंकाल बन चुके शव का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के मानपुर मलिकापुर गांव निवासी ओमकार की शादी ओमा भारती से हुई थी। 12 वर्ष का बेटा व 10 वर्ष की बेटी है। ओमा की बड़ी बहन बिट्टन की शादी कांट के लिल्थरा गांव में हुई है। उसका भी वहां आना-जाना रहता था। इसी दौरान वह लिल्थरा में रहने वाले नन्हे के संपर्क में आ गई। दोनों के बीच नजदीकी संबंध हो गए थे। ओमकार को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंन विरोध किया, लेकिन ओमा नहीं मानी, जब मौका मिलता नन्हे से मिलने पहुंच जाती। उन्होंने इससे नाराज होकर पिटाई की तो ओमा फरवरी में घर छोड़कर नन्हे के पास रहने चली गई। ओमकार ने वापस बुलाने का प्रयास किया, लेकिन घर आने की बजाय वह प्रेमी के साथ मिलकर पति को रास्ते से हटाने की योजना बनाने लगी। 23 फरवरी को जब ओमकार एक प्रकरण में तिलहर तारीख पर गए थे। ओमा ने पूर्व नियोजित योजना के तहत उन्हें काल की और मिलने के बहाने नन्हे की बगिया में बुला लिया। जहां नन्हे के साथ मिलकर पति को शराब पिलायी। नशा होने पर नन्हे ने मारपीट शुरू कर दी। ओमकार जमीन पर गिरे तो ओमा और नन्हे दोनों ने उनके गले पर पैर रखकर तब तक खड़े रहे, जब तक उनकी मृत्यु नहीं हो गई। इसके बाद शव को उसी बाग के गड्ढे खोदकर दफना दिया। नन्हे ने वहां पर कूड़ा डालना शुरू कर दिया ताकि किसी को शक न हो। ओमकार के वापस न आने पर स्वजन ने काफी तलाश किया, लेकिन पता नही चला। 11 दिन बाद छह मार्च को उनके भाई सत्यवीर ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसके बाद एसपी ने सीओ सदर के नेतृत्व में एसआइटी गठित की थी। ओमा व नन्हे से पूछताछ हुई, लेकिन दोनों ने गुमराह कर दिया। परिवार वालों ने भी उन पर शक नहीं जताया, लेकिन चार माह बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो सत्यवीर ने गुरुवार को दोबारा थाने पर संपर्क किया। अनहोनी की आशंका में भाई के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने एक बार फिर से काल डिटेल निकलवाई। ओमा व नन्हे को हिरातस में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने पूरी घटना बता दी। ओमकार का मोबाइल बरामद नही हुआ है। आरोपितों का कहना है कि उन लोगों को इस बारे में जानकारी नहीं है। महिला व उसके प्रेमी ने नजदीकी संबंधों में बाधा बनने के चलते ओमकार की हत्या करने की बात स्वीकारी है। दोनों को जेल भेजा जा रहा है। जो कंकाल बरामद हुआ है उसका डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा।

## सुहागरात की सुबह कैसे हुई 75 साल के संगरू राम की मौत? पोस्टमॉर्टम में' आई चौंकाने' वाली वजह पत्नी भी ये बोली

( यंग भारत न्यूज )

**जौनपुर।** प्रदेश के जौनपुर से सनसनीखेज मामला सामने आया था. यहां 75 साल के शख्स ने 35 साल की महिला के साथ शादी की थी. मगर सुहागरात के बाद ही शख्स की मौत हो गई थी. सुहागरात की सुबह शख्स की तबीयत अचानक खराब हो गई और उसे बचाया नहीं जा सका. बता दें कि अब शख्स की मौत की असल वजह सामने आ गई है. 75 साल के संगरू राम के शव का पोस्टमॉर्टम परिजनों ने करवाया था. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अब संगरू राम की मौत की वजह सामने आ गई है और पता चल गया है कि आखिर सुहागरात की सुबह अचानक संगरू राम को क्या हुआ था?



पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि संगरू राम की मौत शॉक की वजह से हुई है. पोस्टमॉर्टम में शॉक और कोमा को मौत का कारण बताया गया है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की पुष्टि खुद जौनपुर के गौराबादशाहपुर थाने के प्रभारी प्रवीण यादव ने की है. मिली जानकारी के मुताबिक, संगरू राम की पत्नी की मौत 1 साल पहले ही हुई थी. दोनों के कोई भी संतान नहीं थी. ऐसे में पत्नी की मौत के बाद वह अकेले हो गए थे. दूसरी तरफ जिस 35 वर्षीय मनभावती से संगरू राम ने शादी की थी, उसकी भी ये दूसरी शादी थी. महिला के पहले से ही 3 बच्चे थे. इस शादी के लिए संगरू राम ने अपनी 5 बिस्वा जमीन 5 लाख रुपये में बेच भी दी थी. राम की मौत के बाद महिला का कहना है कि उसका इस शादी के लिए मन नहीं था. मगर उसे लगा कि उसके तीनों बच्चों की जिम्मेदारी संगरू राम उठा लेंगे. महिला ने ये भी बताया कि कोर्ट मैरिज और शादी के बाद सुहागरात के समय सुबह तक दोनों ने आपस में काफी बातें की. मगर फिर अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई. अस्पताल लेकर गए. मगर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.

## बूढ़े सरपंच पर चढ़ा जवानी का नशा! 19 साल की लड़की के साथ होटल में कर रहे थे सेक्स, अचानक आ धमकी पत्नी

( यंग भारत न्यूज )

**जयपुर।** राजस्थान के बहरोड़ इलाके से हाई-प्रोफाइल ड्रामा सामने आया है। यहाँ रोडवाल गांव के 60 वर्षीय सरपंच को एक स्थानीय होटल में 19 साल की एक युवती के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया है।



मामले की भनक लगते ही सरपंच की पत्नी अपने परिजनों के साथ मौके पर धमक पड़ीं। होटल के अंदर ही पत्नी युवती की जमकर पिटाई की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, सरपंच के साथ होटल में मौजूद 19 वर्षीय युवती उसी गांव के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर तैनात बताई जा रही है। दोनों के बीच लंबे समय से बने संबंध के बारे में पत्नी को भनक लग है । जैसे ही उन्हें पुख्ता जानकारी मिली कि दोनों बहरोड़ के एक होटल में हैं, वह सीधे मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद होटल के परिसर और बाहर जबरदस्त हंगामा हुआ, जहाँ सरपंचनी ने दोनों को रंगे हाथों पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर दी। सरपंच की पत्नी पर सरपंच के साथ पकड़ी गई युवती ने भी हमला किया। इस पूरे घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। फ़िलहाल इस पूरे मामले में दोनों पक्षों के तरफ से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## यूपी के किसानों की चमकी किस्मत! योगी सरकार का ऐतिहासिक फैसला

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के मक्का उत्पादक किसानों के लिए एक बहुत बड़ी और बेहद राहत भरी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में 3 जून 2026 को हुई कैबिनेट की अहम बैठक में सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है।



यूपी सरकार ने प्रदेश में पहली बार बड़े पैमाने पर 25 हजार मीट्रिक टन मक्का खरीदने की नई नीति को हरी झंडी दे दी है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि किसानों से सीधे निर्धारित समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदा जाएगा, ताकि उन्हें अपनी खून-पसीने की उपज का बिल्कुल सही और उचित दाम मिल सके। इस महा-योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 25 चुनिंदा जिलों में 150 विशेष क्रय केंद्र (खरीद केंद्र) बनाए जाएंगे, जहां आगामी 15 जून से लेकर 31 जुलाई तक किसानों से मक्के की ताबड़तोड़ खरीद की जाएगी। अगर जमीनी हकीकत को देखें तो उत्तर प्रदेश में मक्का उगाने वाले किसानों को अक्सर अपनी तैयार फसल को बहुत ही कम और औने-पौने दामों पर बाजार में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता था। सरकारी खरीद की कोई पुख्ता व्यवस्था न होने या बेहद सीमित होने की वजह से सीधे-साधे किसान हमेशा स्थानीय व्यापारियों और लालची बिचौलियों के चंगुल में फंसने को मजबूर रहते थे। कई बार तो खुले बाजार में मक्के का भाव सरकार द्वारा तय एमएसपी से भी काफी नीचे चला जाता था, जिससे गरीब किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता था। इसके अलावा, फसल बेचने के बाद समय पर भुगतान (पेमेंट) न मिलना, अपने आस-पास खरीद केंद्रों का न होना और पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी जैसी गंभीर समस्याएं हमेशा किसानों के सामने दीवार बनकर खड़ी रहती थीं। खासकर छोटे और सीमांत किसान अपनी उपज का सही मूल्य पाने के लिए हर साल दफ्तरों और मंडियों में संघर्ष करते दिखाई देते थे। लेकिन अब उत्तर प्रदेश सरकार ने मोटे अनाज (मिलेट्स) को बढ़ावा देने और किसानों की आय को दोगुना करने के संकल्प के तहत यह बड़ा कदम उठाया है, जिससे किसानों को इस दलदल से हमेशा के लिए राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। योगी सरकार ने इस योजना को पारदर्शी और किसानों के हक में बनाए रखने के लिए मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल तय कर दिया है। सरकार इस पूरी मोटा अनाज खरीद नीति के तहत चरणबद्ध तरीके से 25 हजार मीट्रिक टन मक्के की सरकारी खरीद सुनिश्चित करेगी, जिसका पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजा जाएगा। सरकार के इस मास्टरस्ट्रोक से न सिर्फ बिचौलियों का पत्ता पूरी तरह साफ हो जाएगा, बल्कि यूपी के ग्रामीण इलाकों की अर्थव्यवस्था को भी एक नई और मजबूत रफ्तार मिलेगी।

# डेंजरस इश्क! ब्रेकअप के बाद पैचअप की कोशिश कर रहा था सनकी आशिक, नहीं मानी युवती तो ऑफिस में घुस चाकू से गोद डाला; कंपा देने वाला हत्या का वीडियो

( यंग भारत न्यूज )

पंजाब के मोहाली से एक हैरान और परेशान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें एक सनकी एक्स बॉयफ्रेंस लड़की के ऑफिस पहुंचता है और वहीं सभी के सामने लड़की पर एक के बाद एक चाकू से हमला करना शुरू कर देता है। दरअसल, मोहाली में प्राइवेट ऑफिस में ये दिल दहला देने वाली घटना हुई। एक्स बॉयफ्रेंड ने अपनी पूर्व प्रेमिका पर चाकू से क्रूर एक के बाद एक कई हमले किए। इससे पहले किसी को कुछ समझ आता युवती की मौत हो गई, वहीं आरोपी एक्स बॉयफ्रेंड ने वहीं ऑफिस में खड़े होकर खुद की भी जान लेने की कोशिश की,लेकिन लोगों ने उसे रोका।

घटना गुरुवार देर शाम की है। कंपनी में काम कर रही डिंपल जो पटियाला की रहने वाली है, वो अपने डेस्क पर बैठकर काम कर रही थीं। इसी दौरान हरविंदर उर्फ हैरी ऑफिस में घुसा और चाकू लेकर युवती पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि शुरुआती हमलों के बाद डिंपल जान बचाने के लिए भागीं, लेकिन आरोपी ने गेट के पास पकड़कर फिर से डिंपल पर कई वार किए। टपुलिस के मुताबिक दोनों एक पैकर्स एंड मूवर्स कंपनी में काम करते थे। करीब तीन साल पहले उनकी दोस्ती हुई जो रिश्ते में बदल गई। लेकिन कुछ वक्त पहले दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हैरी इस ब्रेकअप से टूट गया था और रिश्ता सुधारने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस जानलेवा हमले के बाद दोनों को गंभीर हालत में फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने डिंपल



को मृत घोषित कर दिया। आरोपी हरविंदर की हालत अभी भी नाजुक बताई जा रही है। मोहाली थाना फेज-11 के स्‌।ह्र अमन बैदवान ने बताया कि शाम करीब 7 बजकर 40 मिनट पर सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए और ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज जब्त कर लिया गया और ऑफिस सील कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शुरुआत में देखने पर ये घटना ब्रेकअप से उपजी नाराजगी के नतीजे की लग रही है। लेकिन फिर भी पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। इस तरह की घटनाएं फिर सोचने पर मजबूर करती हैं कि, क्या रिश्ता टूटने के बाद मानसिक स्वास्थ इतना खराब हो सकता है कि, कोई किसी और की भी जान ले ले और अपने आप को भी खत्म करने पर उतर आए।

## मेरी पत्नी का 3 मर्दों से संबंध', सॉफ्टवेयर इंजीनियर पति झील में कूदकर दी जान सुसाइड नोट में लिखा- 'घर बुलाती थी प्रेमियों को..'

( यंग भारत न्यूज )

हैदराबाद में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां 36 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एस. सीताराम रेड्डी ने हुसैन सागर झील में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले में अब उनकी पत्नी रेणुका और उसके एक दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।पत्नी पर पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। घटना 8 फरवरी की बताई जा रही है, जब सीताराम रेड्डी ने हुसैन सागर झील में कूदकर अपनी जान दे दी थी। अगले दिन उनका शव बरामद किया गया। बाद में सामने आए 19 पन्नों के सुसाइड नोट ने पूरे मामले को चौंकाने वाला बना दिया।



सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी पत्नी रेणुका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसमें दावा किया गया है कि पत्नी के पिछले डेढ़ साल में तीन अलग-अलग लोगों से अवैध संबंध थे। इंजीनियर ने लिखा कि इस कारण वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थे। नोट में यह भी दावा किया गया है कि पत्नी का एक निजी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसे इंस्टाग्राम पर साझा किया गया था। बताया गया कि इस वीडियो को देखने के बाद ही उन्हें पत्नी के कथित संबंधों का पता चला और वह मानसिक तनाव में आ गए। सुसाइड नोट के अनुसार, पत्नी का एक कथित प्रेमी अक्सर घर आता था, जिससे दंपति के बीच लगातार विवाद होते थे। इंजीनियर ने लिखा कि उन्होंने अपनी पत्नी की हर जरूरत पूरी की, लेकिन इसके बावजूद उन्हें धोखा मिला। पुलिस ने सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच के आधार पर रेणुका और उसके एक दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब डिजिटल सबूतों और वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है। जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। परिवार के मुताबिक, रेणुका का 35 वर्षीय एक व्यवसायी एम. रमना रेड्डी के साथ भी संबंध था, जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ता गया। मृतक के पिता वेंकटेश्वर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहू के कथित अफेयर और विवादों के कारण उनका बेटा गंभीर मानसिक तनाव में था। जनवरी में रेणुका घर छोड़कर चली गई थी, जिसके बाद सीताराम ने गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी। परिवार का कहना है कि मिले कथित निजी वीडियो और रिश्तों को लेकर हुए विवादों ने इंजीनियर को पूरी तरह तोड़ दिया, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें सुसाइड नोट, डिजिटल साक्ष्य और सोशल मीडिया गतिविधियां शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि हर आरोप की गहराई से जांच की जा रही है और सच्चाई सामने लाई जाएगी। फिलहाल आरोपी पत्नी और उसका सहयोगी पुलिस हिरासत में हैं और मामले ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है।

## बेटे ने मुझे मारने की 10 लाख की सुपारी दी थी, इसलिए ठोक दिया- पूर्व हिस्ट्रीशीटर बाप का कबूलनामा; पत्नी के दावे से उलझी कहानी

( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ।** प्रदेश के मेरठ जिले के खरखौदा इलाके से एक ऐसा खौफनाक और दिल दहला देने वाला कत्लकांड सामने आया है, जिसने रिश्तों को पूरी तरह शर्मसार कर दिया है। यहां 40 बीघा कीमती पैतृक जमीन के विवाद में एक कलयुगी पिता ने ही अपने 24 वर्षीय जवान बेटे तुषार त्यागी की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी।



इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं, बल्कि हापुड़ देहात का पूर्व हिस्ट्रीशीटर सुंदर त्यागी उर्फ राजीव त्यागी है, जिसने अपने एक साथी के साथ मिलकर इस खूनी साजिश को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी पिता और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मृतक की पत्नी के एक अलग दावे और व्हाट्सएप कॉल के खुलासे ने इस पूरी मर्डर मिस्ट्री को एक बेहद उलझे और त्रिकोणीय मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। यह रूह कंपा देने वाली वारदात सोमवार रात की है। एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि सोमवार रात ठीक 12:05 बजे मृतक तुषार की बहन मोना त्यागी ने खरखौदा पुलिस को फोन कर एक चीखती हुई सूचना दी कि उसके पिता सुंदर त्यागी ने भाई तुषार की हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर पांची और कैली अंडरपास के पास सर्विस रोड पर पहुंची। वहां खड़ी एक स्कॉर्पियो कार के भीतर चालक की सीट पर तुषार त्यागी का खून से लथपथ शव बरामद हुआ। तुषार के माथे और गले पर बिल्कुल नजदीक से मारी गई गोली के गहरे निशान थे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जब घटनास्थल के आसपास और कैली धीरखेड़ा स्थित बीयर ठेके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो पूरी साजिश की परतें खुल गईं। आरोपी पिता सुंदर त्यागी अपने साथी अमित उर्फ वेदावन के साथ थार गाड़ी से देहरादून से आया था। उसने साजिश के तहत सोमवार रात करीब 8 बजे तुषार को फोन किया और खाने का टिफिन लेकर आने को कहा। तुषार अपनी स्कॉर्पियो से खाना लेकर निकला। रास्ते में पिता और उसके दोस्त ने बीयर खरीदी और फिर तुषार की कार में ही बैठ गए। कार के भीतर ही पिता और बेटे के बीच जमीन को लेकर कहासुनी हुई, जिसके बाद पूर्व हिस्ट्रीशीटर सुंदर त्यागी ने अपनी पिस्टल से बेटे के माथे और गले में गोलियां उतार दीं और शव को कार में ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपी पिता सुंदर त्यागी ने जो बयान दिया, उसने सबको चौंका दिया। सुंदर ने बताया, 'मुझे पुख्ता शक था कि तुषार मुझे रास्ते से हटाना चाहता है। उसने मुझे मरवाने के लिए एक नामी बदमाश को 10 लाख रुपये की सुपारी दे रखी थी। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। वह घर में भी सबसे मारपीट करता था, इसलिए मैंने उसे पहले ही मार दिया।' पुलिस के मुताबिक, तुषार अपनी मां के नाम पर मौजूद 40 बीघा पैतृक जमीन बेचकर कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहता था, जिसका सुंदर त्यागी कड़ा विरोध कर रहा था। पत्नी का सनसनीखेज दावा: इस मामले में नया मोड़ तब आया जब मृतक तुषार की पत्नी शिखा त्यागी ने खरखौदा थाने में 'राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल' के हापुड़ जिलाध्यक्ष अरविंद त्यागी उर्फ बिट्टू त्यागी और तरुण त्यागी के खिलाफ अपहरण और हत्या की एफआईआर (स्नद्बक्र) दर्ज करा दी। शिखा का आरोप है कि रात 9 बजे तुषार ने उसे व्हाट्सएप कॉल कर कहा था कि, 'बिट्टू त्यागी और उसके लोग मुझे जंगल में ले जा रहे हैं... मेरी फील्डिंग सेट हो गई है, ये लोग मेरा कत्ल कर देंगे।' इतना ही नहीं, शिखा का दावा है कि रात 9:35 बजे आरोपियों ने तुषार के दोस्त क्रिस को फोन कर कहा था कि 'हमने तुषार को ठिकाने लगा दिया है, उसकी लाश कैली अंडरपास के पास पड़ी है।' इस हाई-प्रोफाइल हत्याकांड के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई है। यूपी कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) हैंडल पर इस घटना को पोस्ट करते हुए यूपी की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एसपी देहात का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और पिता के कबूलनामे से यह साफ है कि हत्या पिता सुंदर त्यागी ने ही की है। हालांकि, पत्नी शिखा द्वारा नामजद किए गए प्रॉपर्टी डीलर अरविंद उर्फ बिट्टू त्यागी और तरुण त्यागी की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस सभी संदिग्धों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस कत्ल के पीछे कोई गहरी कड़ियों वाली साजिश या ठेकेदारी विवाद तो नहीं था।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में गूंजा हरित संदेश

**'एक पौधा माँ के नाम, एक संकल्प धरती के नाम' अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प**

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में विश्व पर्यावरण दिवस का भव्य आयोजन कुलपति प्रो. अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के साथ हुआ, इसमें अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि एवं प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. सुशील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों का सामना करने के लिए जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतुओं के बीच संतुलित समन्वय आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से वन संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं शिक्षा निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने पर्यावरण संरक्षण को कृषि विकास, प्राकृतिक संसाधनों के सतत् उपयोग तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जोड़ते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। वहीं कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण तथा हरित परिसर निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी से पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक सह-अधिष्ठाता डॉ. मनमोहन डोबरियाल ने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सचिव डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि प्रकृति केवल हमारी आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का आधार है। उन्होंने इस वर्ष की थीम 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए ' के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सतत् विकास के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गत एक सप्ताह से पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं प्राकृतिक छायाचित्रण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'एक पौधा माँ के नाम, एक संकल्प धरती के नाम' अभियान के तहत भी पौधारोपण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि यह अभियान माँ के सम्मान को प्रकृति संरक्षण से जोड़ने वाला जनआंदोलन बन चुका है, इसका उद्देश्य वृक्षारोपण को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक स्वरूप देना है। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

# एसपी के निर्देश पर डकोर पुलिस ने की गांजे की रिकॉर्ड तोड़ खेप बरामद , 4 तस्कर गिरफ्तार

## -गांजे की तस्करी में पुलिस और तशकरो के बीच चल रहा है चूहे बिल्ली जैसा खेल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/जालौन।** जनपद में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना डकोर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 24 किलो 715 ग्राम अवैध गांजा, नगदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना डकोर पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली। इस दौरान तीन ट्रॉली बैग और एक पिट्ठू बैग से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुशवाहा (24 वर्ष), रवि कुमार रैकवार (25 वर्ष), दीपक कुशवाहा (26 वर्ष) तथा अभिषेक कुशवाहा (21 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना डकोर में मु0अ0सं0 70/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 किलो 715 ग्राम गांजा, 930 रुपये नगद तथा तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई को जनपद में नशे के कारोबार पर प्रभावी प्रहार माना जा रहा है। पुलिस की इस सफलता से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है।

# पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन बांदा नवीन सभागार में किया गया सैनिक सम्मेलन, पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुन किया गया उनका निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )




**बांदा।** सैनिक सम्मेलन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ की गई मासिक अपराध समीक्षा बैठक । नियमित एवं प्रभावी जनसुनवाई तथा पैदल गश्त के दिए गए निर्देश ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश । मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-टेन, इनामिया व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश ।

विवरण- आज दिनांक 05.06.2026 पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों के आवास, भोजन, स्वास्थ्य, अवकाश एवं अन्य व्यक्तिगत तथा विभागीय कार्यों से संबंधित समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । सैनिक सम्मेलन के पश्चात जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई । समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले स्थानों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाए साथ ही इन स्थानों पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों को भी लगाया जाए तथा कुछ पुलिस बल सादे वस्त्रों में विभिन्न स्थानों पर भ्रमणशील रहें । इसके साथ ही एंटी रोमियो स्क्वायड तथा मिशन शक्ति मोबाइल टीम लगातार ऐसे स्थलों पर भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाए रखें । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप टेन अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अपने-अपने कार्यालयों एवं थानों पर नियमित एवं प्रभावी जनसुनवाई सुनिश्चित करें तथा आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुन उनका त्वरित निस्तारण किया जाये । अपराध की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए निर्देशित किया किया सभी भीड़-भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गश्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज सहित जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी थाना/शाखा प्रभारी आदि मौजूद रहे ।

# बिजली संकट, महंगी दरों और स्मार्ट मीटर की लूट के खिलाफ आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर आज आम आदमी पार्टी, झांसीट्ट जिला के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में व्याप्त भीषण बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत महानगर अध्यक्ष ग्यादीन कुशवाहा के नेतृत्व में माननीया राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया।

महानगर अध्यक्ष ग्यादीन कुशवाहा ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रदेश की जनता बिजली संकट से त्रस्त है। अनेक जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की घटनाएं सामने आ रही हैं। राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में आम नागरिक, किसान, व्यापारी, छात्र और कर्मचारी अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। जनता देश की सबसे महंगी बिजली दरें चुकाने के बावजूद पर्याप्त और निर्बाध बिजली नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। गांवों और शहरों में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उद्योग, व्यापार, खेती और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाराबंकी में बिजली न होने के कारण सड़क किनारे सो रहे एक परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था का दुखद उदाहरण है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं न्याय दिया जाना चाहिए। किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी परवेज ने कहा कि जब जनता बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रही है, तब सरकार के जिम्मेदार मंत्री समस्याओं का समाधान करने के बजाय गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी में व्यस्त हैं। महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षा सीमा कुशवाहा ने कहा जनता को राहत देने के बजाय उसकी आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को भी जनता के लिए परेशानी का कारण बताते हुए कहा कि प्रदेशभर से फर्जी बिलिंग, गलत रीडिंग और कई गुना बढ़े हुए बिजली बिलों की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। महानगर महासचिव एडवोकेट नीलम चौधरी ने कहा लाखों उपभोक्ता आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का प्रभावी समाधान नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अघोषित बिजली कटौती बंद करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली दरों में वृद्धि पर रोक लगाने, स्मार्ट मीटर एवं फर्जी बिलिंग की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रदेशवासियों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। आम आदमी पार्टी ने कहा कि यह आंदोलन प्रदेश की करोड़ों जनता के हितों से जुड़ा हुआ है और यदि सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो प्रदेशव्यापी जनआंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष ग्यादीन कुशवाहा,किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी परवेज, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव भवजीत सरना,पूर्व जिला महासचिव इंजीनियर राजकुमार राव,जिला उपाध्यक्ष तुलसीदास कुशवाहा,जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सीमा कुशवाहा,महानगर महासचिव एडवोकेट नीलम चौधरी, एडवोकेट मोहित पंचोली,बाबूलाल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर जनपद बांदा में 8,58,000 पौधों का सामूहिक वृक्षारोपण विभिन्न विभागों द्वारा किया गया

( यंग भारत न्यूज )





**बांदा।** यह वृक्षारोपण अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के अंतर्गत संचालित किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया गया।

विभागवार वृक्षारोपण लक्ष्य एवं उपलब्धि:

वन एवं वन्यजीव विभाग – 64,000 पौधे

ग्राम्य विकास विभाग – 5,32,000 पौधे

पंचायती राज विभाग – 35,000 पौधे

कृषि विभाग – 1,33,000 पौधे

उद्यान विभाग – 88,000 पौधे

नगर विकास विभाग – 6,000 पौधे

अन्य विभागों द्वारा भी व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज रानी दुर्गावती राजकीय मेडिकल कॉलेज, बांदा में जल शक्ति राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश श्री रामकेश निषाद ने वृक्षारोपण कर जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। मंत्री जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में एक वृक्ष को दस पुत्रों के समान माना गया है तथा वृक्षों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र में बढ़ते तापमान, जल संकट एवं पर्यावरणीय चुनौतियों का उल्लेख करते हुए अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण पर बल दिया। आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल, बांदा श्री अजीत कुमार ने कमिश्नरी परिसर में अशोक का पौधा रोपित कर अभियान में सहभागिता की तथा मंडलवासियों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अवश्य लगाने की अपील की। आयुक्त महोदय ने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। जिलाधिकारी बांदा श्री अमित आसेरी ने पौधरोपण करते हुए जनपदवासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति 'एक पेड़ माँ के नाम' अवश्य लगाए तथा उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखे। मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय कुमार पांडेय एवं प्रभागीय वनाधिकारी श्री अरविंद कुमार ने भी वृक्षारोपण कर जनसामान्य से इस महाअभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण वृद्धि एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जनआंदोलन बनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी,रामेंद्र शर्मा, श्री सुनील कुमार सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनपद बांदा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर व्यापक जनभागीदारी के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# ब्लॉक प्रमुख चन्द्रभान ने किया बृक्षारोपण

( यंग भारत न्यूज )



**बामौर।** ग्राम पंचायत बामौर की गौशाला में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर किया गया इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चन्द्रभान सिंह अहिरवार, खण्ड विकास अधिकारी गौरव कुमार एपीओ दीपक कुमार, ग्राम प्रधान संजय गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बृक्षारोपण किया

( यंग भारत न्यूज )



**समथर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद समथर एवं भाजपा द्वारा गांधी पार्क परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगर पालिका कर्मचारियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कंसाना रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाल ने की। वृक्षारोपण कार्यक्रम में लेखा लिपिक रामकुमार पलिया, सुनील कुमार श्रीवास्तव, पवन बुलकिया (जिला सह सोशल मीडिया, झांसी जिला)मनोज गुप्ता, पार्षद अरविंद श्रीवास, ओमप्रकाश चंदेल, मुन्ना दुबे, देवांश, कुलदीप प्रजापति, गजेन्द्र पाल तथा वन विभाग के कर्मचारी लल्ला साहब कुशवाहा, प्रभू दयाल, जगराम पाल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक मुन्ना दुबे ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718